हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, रविवार, 21 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

11 ट्रैक्टर पर सवार होकर पहुंचे विकास शक्ति...



12 भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर...





## खबर संक्षेप

### युवक ने जहर सेवन कर दी जान

**महासमुंद**। तेंदूकोना थाना क्षेत्र के ग्राम सम्हर निवासी युवक ने जहर सेवन कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि चेतन नायक पिता गोविंद नायक (22) ने अज्ञात कारण से जहर सेवन कर लिया, उसे इलाज के लिए शासकीय अस्पताल बागबाहरा ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**महासमुंद**। सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम हर्राटार के पास एनएच 53 रोड़ पर चौधरी ढाबा के सामने सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोहन कुजूर अपने मोटर सायकल सीजी 06 एचए 2053 में अपने घर हर्राटार से बसना की ओर जा रहा था तभी एनएच 53 रोड़ पर चौधरी ढाबा के सामने ओडिशा की ओर से आ रही वाहन क्रमांक ओडी 14 एइ 3615 के चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर उसके मोटर सायकल को पीछे से ठोकर मार दी, जिससे गंभीर चोटे आने से मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने वाहन चालक के विरूद्ध 304 ए के तहत अपराध कायम किया है।

### मारपीट के दो मामले

**महासमुंद**। मारपीट के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। ग्राम खरोरा के प्रार्थी हेमंत चन्द्राकर पिता मेहतरू (36) ने आरोपी छोटू चंद्राकर पिता माधव चंद्राकर के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसी तरह बागबाहरा के शहंशाह मरकाम पिता घासीराम मरकाम (36) वार्ड नं. 15 रावणभाठा पारा बागबाहरा ने आरोपी रामा देवार तुमगांव द्वारा प्रार्थी और उसकी पत्नी के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### शादी का झांसा देकर अनाचार, दो मामले दर्ज

**महासमुंद**। शादी करने का प्रलोभन देकर दुष्कर्म के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि बसना थाना अंतर्गत ग्राम पिलवापाली के सत्या ऊर्फ छोटू सागर ने प्रार्थिया के साथ शादी करने का प्रलोभन देकर कई बार अनाचार किय। जिसे लेकर प्रार्थिया ने थाने में रिपोर्ट कराया है। दूसरे मामले में कोमाखान पुलिस ने कसेकेरा निवासी व आरोपी आकाश नेताम पिता जगमोहन नेताम (25) ने प्रार्थिया को शादी करने का प्रलोभन देते हुए अनाचार किया। पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ धारा 376 (2) (एन), 376 (2) (ढ़) के तहत अपराध कायम किया है।

### ओडिशा से तस्करी, 2 लाख 10 हजार का गांजा जब्त

**महासमुंद**। गांजा लेकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास से 14 किलो गांजा जब्त किया गया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 20 बी नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

पुलिस ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुये छत्तीसगढ राज्य के सीमावर्ती राज्य ओडिशा से लशीली पदार्थ/अवैध मादक पदार्थ गांजा का परिवहन महासमुंद के रास्ते किये जाने की सूचना पर पुलिस अधीक्षक महासमुंद ने समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को नशीली पदार्थ, अवैध शराब तथा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई तथा सघन चेकिंग अभियान करने हेतु निर्देशित किया गया था।

# 14-14 टेबल लगाकर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का किया जा रहा कमिशनिंग कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भारत निर्वाचन आयोग के समय सारणी अनुसार छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत महासमुन्द संसदीय क्षेत्र में आगामी 26 अप्रैल 2024 को मतदान होगा। गरियाबंद जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने गरियाबंद जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र के लिए इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की कमिशनिंग कार्यों का जायजा लिया। इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की कमिशनिंग का कार्य कृषि उपज मंडी परिसर में जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाई गई मतगणना हाल में किया जा रहा है। राजिम एवं बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर और अभ्यार्थियों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम का सील विविधत खोला गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने कृषि उपज मंडी परिसर स्थित जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, बैठक कक्ष, जिला निर्वाचन अधिकारी कक्ष, सुरक्षा व्यवस्था कक्ष, सीसीटीवी निगरानी कक्ष, सहित सभी आवश्यक व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्हांने मतदान दल रवानगी एवं इलेक्ट्रानिंग वोटिंग मशीन वापसी और मतगणना दिवस के दिन के लिए पार्किंग व्यवस्था का अवलोकन किया और इसके लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने ▶▶|शेष पेज 10 पर

## कलेक्टर ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की कमिशनिंग कार्यों का लिया जायजा



### जिले में मतदान 26 को

इन मतदान केन्द्रों के लिए बैलेट यूनिट 722, कंट्रोल यूनिट 361 और व्हीव्हीपैट 418 रिजर्व सहित सुरक्षित रखा गया है। इस दौरान अपर कलेक्टर अरविन्द पाण्डेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार गोलछा, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर राजिम अर्पिता पाठक, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर बिन्द्रानवागढ़ हितेश पिस्दा एवं सेक्टर आफिसर एवं कमीशनिंग कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि महासमुन्द संसदीय क्षेत्र में गरियाबंद जिले के राजिम एवं बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा निर्वाचन आगामी 26 अप्रैल को मतदान होगा।



## समस्या : लगातार बिजली बंद हो जाने से जन जीवन हुआ अस्त-व्यस्त

# भीषण गर्मी से लोग परेशान, दिनभर में 30 से 35 बार बंद हो रही बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में पिछले दो माह से लो वोल्टेज और बिजली कटौती के चलते भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। 24 घंटे के भीतर 30 से 35 बार लगातार बिजली की आंख मिचौली जारी है, कभी - कभी तो ग्रामीण क्षेत्रों में रात रातभर बिजली बंद हो जाने से नागरिकों की नींद पूरा नहीं हो पा रहा है, और इसका सेहत पर विपरित असर देखने को मिल रहा है, पिछले एक सप्ताह से मैनपुर क्षेत्र के लोग लगातार बिजली की लचर व्यवस्था से बेहद परेशान हो गये है। शनिवार को मैनपुर में तेज धुप और गर्मी के चलते 40 डिग्री तापमान के बावजूद दिन में लगभग 30 से 35 बार बिजली बंद हुई और बिजली एक घंटा के लिए भी ठहर नहीं पा रही है, लगातार बिजली बंद हो जाने से जन जीवन पूरी तरह अस्त -व्यस्त हो गया है। बिजली व्यवस्था में सुधार के बजाये व्यवस्था बिगडती जा रही है, समाचार लिखे जाने के दौरान भी देर शाम बिजली मैनपुर नगर सहित विकासखण्ड क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामो में बंद है। लोग गर्मी उमश से कहरा उठे हैं ऊपर से बिजली कहर बरपा रही है।

■ मैनपुर क्षेत्र में लगातार बिजली बंद हो जाने से रात में सो नहीं पा रहे लोग



### इंसुलेटर में आई खराबी

मैनपुर बिजली विभाग के अधिकारी संजीव बंजारे ने बताया कि मैनपुर इदागांव मुख्य लाईन में फाल्ट है पिछले चार पांच दिनों से लगातार बिजली विभाग के कर्मचारी फाल्ट ढूढ़ने में लगे हुए हैं, उन्होने बताया कि इंसुलेटर में कही खराबी है दो स्थानों पर बदल चूके हैं। जल्द व्यवस्था में सुधार होगी।



### पेयजल संकट बढ़ा, नहीं चल पा रहे मोटर पंप

लो वोल्टेज और लगातार बिजली कटौती के चलते ग्राम पंचायतों में नल जल योजना पूरी तरह प्रभावित हो गया है, ट्यूबवेल नहीं चल पाने के कारण पानी टंकी में पानी नहीं भर पा रहा हैं, और गांव में पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है, और तो और घरों में भी जो ट्यूबवेल लगाये गये है वह भी लो वोल्टेज के कारण नहीं चल पा रहा है।

### गर्मी में पंखा, कूलर, एसी व फ्रिज तक नहीं चल पा रहे

इस भीषण गर्मी में अब बगैर पंखा कूलर के रात में नींद नहीं आती लेकिन क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती के चलते पंखा, कूलर, एसी व फ्रिज नहीं चल पा रहे हैं, आलम यह है कि लो वोल्टेज इतना कम है कि कुछ घंटे के लिए बिजली आ भी जाए तो पंखा और कूलर तक नहीं चल पा रहा है, लोग गर्मी में बेचैन हो गये है। बिजली की समस्या के समाधान के लिए क्षेत्र की जनता पूर्व वर्षों में कई बार धरना प्रदर्शन तक कर चुके हैं, लेकिन समस्या समाधान के बजाए और बढ़ गया है, कई बार क्षेत्र के लोगों ने मामले की शिकायत जिला के अधिकारियों से कर चुके है, हर बार सिर्फ समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया जाता है लेकिन बिजली के मामले में ग्रामीणों को उनके हाल पर छोड दिया गया है बेहताशा विद्युत कटौती से इस भीषण गर्मी में लोग उबल रहे है। सूर्य की किरणे तेज दिखाने लगी हैं, गर्मी में लोगों को आराम नहीं मिल पा रहा है। पसीने से तर बतर लोग बेचैन हो जा रहे हैं।

## मोटर पंप में आई खराबी दो दिन के भीतर मिलेगा पानी : सब इंजीनियर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में गर्मी लगते ही पेयजल संकट से लोग परेशान होने लगे है तहसील मुख्यालय मैनपुर से 08 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत बोईरगांव के आश्रित ग्राम पथर्री में लाखों रूपये के लागत से जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी टंकी लगाकर घर- घर नल कनेक्शन लगाया गया है लेकिन आधे गांव में पानी नहीं आने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। मैनपुर पहुंचकर ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत करते हुए गरियाबंद कलेक्टर से जल जीवन योजना के तहत पानी देने की मांग किया था हरिभूमि ने इस खबर को 19 अप्रैल को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया। खबर प्रकाशन के बाद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सब इंजीनियर गोपाल ध्रुव एवं गरियाबंद से विभाग के अधिकारी ग्राम पथर्री पहुंचे और वस्तु स्थिति का जायजा लिया। मैनपुर में पीएचई विभाग के सब इंजीनियर गोपाल ध्रुव ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना के तहत लगाये गये मोटर पम्प में खराबी आने के कारण पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है दो दिन के भीतर सुधार कर लोगों को पानी उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत घर- घर लोगों को पानी देने के लिए विभाग द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम

# प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम में जिले के 25 विद्यालयों के प्रतिभागी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

विकसित भारत के तहत जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम जवाहर नवोदय विद्यालय पाण्डुका में जिला शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार सारस्वत के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी बुद्धविलास सिंह सहायक जिला परियोजना अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रलय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा वडनगर जिला मेहराणा गुजरात स्थित स्थानीय भाषा विद्यालय जहां से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी शिक्षा यात्र का प्रारम्भ किए थे, जिसे प्रेरणा विद्यालय के रूप में विकसित किया जा रहा है। प्रेरणा अनुभव पर आधारित शिक्षा कार्यक्रम की शुरुआत की है जिसका उद्देश्य सभी प्रतिभागियों को एक सार्थक, अद्वितीय और प्रेरणादायक अनुभव प्रदान करना है। जिससे उन्हें नेतृत्व के गुणों के साथ सशक्त बनाया जा सके। उन्होंने आगे बताया कि प्रेरणा कार्यक्रम में नवमीं से बारहवीं तक के छात्र - छात्राएं भाग ले सकेंगे। इसके लिए स्कूल, ब्लाक एवं जिला स्तर पर चयन किया जाएगा। प्रेरणा कार्यक्रम को एक नई शिक्षा नीति के तहत आईआईटी गांधीनगर के द्वारा तैयार किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को भारत की विशेषता अखंडता में एकता को बनाए रखने के लिए तरीका प्रेरित करना है। इसके अलावा अन्य लक्ष्य युवाओं में वसुधैव कुटुंबकम के भाव को जागृत करना भी है ताकि कल विश्व को भारत की ओर से यूनिवर्सल सिटीजंस मिल सके। प्राचार्य महेंद्र राम ने बताया कि प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम में जिले के 25 विद्यालयों के छात्र -छात्राएं इस प्रतियोगिता में शामिल हुए। वहीं विद्यार्थियों को सूक्ष्म जलपान एवं भोजन व्यवस्था जवाहर नवोदय विद्यालय ▶▶|शेष पेज 10 पर




# खबर प्रकाशन के बाद जागा प्रशासन कराई सड़क की तराई, लोगों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



खबर का असर

नेशनल हाईवे पर उड़ते धूल को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। हरिभूमि ने उड़ते धूल की खबर को प्रमुखता से उठाया था। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने नेशनल हाईवे में उड़ते हुए धूल से आम लोगों को हो रही परेशानी को समझते हुए संबंधित विभाग के अधिकारी एवं ठेकेदार को सख्त निर्देश दिए कि सड़क निर्माण के दौरान आम जनता को किसी भी तरह से परेशानी ना हो और सड़क में धूल ना उड़े इसका खास ख्याल रखें। कलेक्टर अग्रवाल के सख्त निर्देश का असर तत्काल देखने को भी मिला। शनिवार की सुबह और शाम दोनों टाइम नेशनल हाईवे 130 सी में ठेकेदार के द्वारा टैंकर से सड़क पर पानी डाला गया। जिसके बाद सड़क में धूल उड़ना बंद हुआ। सड़क में पानी तराई होने ▶▶|शेष पेज 10 पर

## नगर के प्रमुख मार्गों व चौक-चौराहों से होकर गुजरी रैली

# शिक्षकों ने लोगों को जागरूक करने निकाली बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

कलेक्टर दीपक अग्रवाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत के निर्देश पर पूरे जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में राजिम में एसडीएम एवं अनुविभागीय निर्वाचन अधिकारी अर्पिता पाठक के मार्गदर्शन में शत-प्रतिशत मतदान हेतु नागरिकों को प्रेरित करने कवायद की जा रही है। पिछले दिनों राजिम के नोडल एवं संकुल प्राचार्य संजय एक्का के नेतृत्व में राजिम नगर के सभी शासकीय एवं निजी विद्यालयों के बच्चों द्वारा माता-पिता को पत्र लिखकर वोट डालने प्रेरित करने का अनोखा अभियान चलाया गया था। स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान को और भी अधिक तेज गति प्रदान करते हुए शनिवार को शहर के सभी शासकीय एवं निजी विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर बाईक रैली निकाली। राजिम के नोडल एवं संकुल प्राचार्य संजय एक्का के साथ बीआरसी फिंगेश्वर सुभाष शर्मा संकुल प्राचार्य एके यदू एवं संकुल समन्वयक धर्मेंद्र सिंह ठाकुर ने कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बाइक रैली में नगर के सभी शासकीय एवं निजी विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहभागिता दी। संजय एक्का ने बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली नगर के प्रमुख मार्गो, चौक-चौराहों से होकर गुजरी। इस दौरान रूक-रूककर मतदाताओं को जागरूक करने नारे लगाए गए। नगर में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर मोटरसाइकिल रैली देखकर नगरवासियों में बहुत ही उत्सुकता का माहौल देखा गया। रैली को सफल बनाने के लिए बहुत ही सटीक ▶▶|शेष पेज 10 पर



### रैली में ये रहे शामिल

मोटरसाइकिल रैली में मुख्य रूप से देवी सम्पद स्कूल के प्राचार्य डीआर ध्रुव, हायर सेकंडरी बिजली के प्राचार्य पूरनलाल साहू, व्याख्याता सागर शर्मा, प्रधान पाठक द्वय आलोक शर्मा यशवंत साहू, नामदास लहरे सशिमं, घनश्याम साहू दावड़ा स्कूल, विनोद ठाकुर, राजेंद्र पाल सिंह, संजय सोनी, उमाकांत साहू, डोमन सोनकर, नरेंद्र देवांगन, किरण शर्मा, चेमीन साहू राजेंद्र कोसले, देवेंद्र नागेश, सुनीता यादव, रेखा शुक्ला सहित सभी विद्यालयों के शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। एसडीएम राजिम अर्पिता पाठक ने शिक्षकों द्वारा नागरिकों को जागरूक करने के लिए आयोजित ऐसे भव्य रैली की सफलता के लिए नगर के सभी शिक्षकों की बहुत सराहना की है। राजिम के तहसीलदार अजय चंद्रवंशी एवं फिंगेश्वर के विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र जोशी ने भी ऐसे सफलतम आयोजन के लिए बधाई प्रेषित किया है।

### स्कूल बस की ठोकर से बाइक चालक की मौत

**महासमुंद**। बसना थाना क्षेत्र के ग्राम सागरपाली के पास स्कूल बस के ठोकर से काम करने जा रहे युवक की मौत हो गई। ग्राम कंचनपुर निवासी सीताराम पटेल ने पुलिस को बताया कि 18 अप्रैल की रात करीब 9 बजे उसका भतीजा राम प्रसाद पटेल अपने मोटर सायकल हीरो होंडा डिलक्स क्रमांक सीजी 06 के 5854 में कंचनपुर सांकरा से पिपलीपाली ईंट रचने अपने अन्य साथी रामनाथ पटेल, खेमलाल पटेल व डिग्रीलाल पटेल के साथ अलग-अलग बाइक से जाने के लिए निकला था।

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### घायल गाय का बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कराया इलाज

**सरायपाली।** नगर में सुबह लगभग 7-8 बजे से एक गाय थाना रोड, सार्वजनिक प्रसाधन के पास भरी गर्मी में घायल अवस्था में पड़ी हुई थी। फोन के माध्यम से बजरंग दल के पदाधिकारियों को उक्त घटना का सूचना दिया गया। सूचना के पश्चात तुरंत विश्व हिंदू परिषद् बजरंगदल के गौ सेवक विकास महापात्र, मयंक पाणिग्राही, विश्वनाथ प्रधान, श्रीकांत साहू, नितिन साहू, घनश्याम यादव, कबीर दास, भावेश निषाद और कुछ नगर वासियों के साथ काफी लंबे समय से शासकीय वेटनरी विभाग वालों को डॉक्टरी इलाज के लिए लगातार संपर्क करने की कोशिश की जा रही थी लेकिन किसी भी प्रकार से कोई सहायता प्राप्त नहीं मिली। अंत में डायल 1962 मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई से लगभग 2 बजे सहायता मिली। इसके बाद इलाज करते हुए ग्लूकोज बॉटल चढ़ाया गया ।

### वीरेंद्र में मोदी की चाय पर चर्चा आयोजित

**सरायपाली।** नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 2 वीरेंद्र नगर में मोदी की चाय पर चर्चा आयोजित की गई। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक व पार्षद स्वर्ण सिंह सलूजा एवं वार्ड क्रमांक 2 की पार्षद श्रीमती हेमवती यादव व पूर्व पार्षद जेपी यादव दीपक मखीजा परमजीत कौर मुक्त सिदार प्रेम सिंह ठाकुर हरभजन सिंह सुशीला ध्रुव गीता प्रसाद बंजारे संतोष यादव अजय गढतिया भाजपा महिला मोर्चा एवं समस्त वीरेंद्रनगर के लोग उपस्थित थे।

**पहल : चौपाटी में चुनई मड़ई अंतर्गत व्यंजन, संगीत, किड्स कार्नर, हीप हॉप जुंबा सहित होगी विविध प्रस्तुति**

# शत-प्रतिशत मतदान का संदेश देने फूड फेस्टिवल का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने अनोखी पहल की जा रही है। स्वीप दिव्यांग क्रिकेट मैच के अलावा फूड फेस्टिवल के माध्यम से मतदाताओं तक संदेश पहुंचाने का अनोखा आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं के बीच ''मेरा वोट, मेरी पहचान, शत-प्रतिशत करना है मतदान'' जागरूकता का संदेश पहुंचाने स्थानीय बीटीआई रोड स्थित चौपाटी में तीन दिवसीय फूड फेस्टिवल 19 से 21 अप्रैल संध्या 5 से रात 10 बजे तक आयोजित किया जा रहा है।





तीनों दिन खाने के शौकीन और संगती प्रेमी सहित आम नागरिकों के मनोरंजन के लिए प्रसिद्ध एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा संध्या 06 से रात 8 बजे तक संगीतमय प्रस्तुति भी दी जाएगी। 19 अप्रैल को उद्घाटन समारोह के अवसर पर मशहूर एंकर तशीश, हीप हॉप जुंबा शब-ए-अमन व रैपर अंकित एंड सड्डू बॉयस द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। इसी तरह 20 अप्रैल को एंकर तशिश, हीप हॉप जुम्बा, हवाएं द बैंड एवं सावन द बैंड तथा 21 अप्रैल समापन समारोह के अवसर पर एंकर तशिश, हीप हॉप जुंबा, स्पेशल परफॉर्मेंस एवं इंडियन रोलर के कलाकारों द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। यहां देशी और अलग-अलग तरह के व्यंजनों का लुत्फ उठाया जा सकता है। इसमें अलग-अलग स्टॉल लगाया जा रहा है। यहां बच्चों के लिए किड्स जोन भी बनाया गया है।

### ओमप्रकाश बने प्रदेश उपाध्यक्ष



तेंदूकोना। प्रदेश युवा देवांगन समाज छत्तीसगढ़ का विस्तार करते हुए प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप देवांगन की अनुमति से प्रदेश युवा अध्यक्ष मनोहर देवांगन की अध्यक्षता में प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें महासमुंद जिला देवांगन समाज से ओम प्रकाश देवांगन बागबाहरा को प्रदेश उपाध्यक्ष, भानु प्रताप देवांगन झलप को प्रदेश सहसचिव, वीरेंद्र कुमार देवांगन साल्हेभाठा को प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं अशोक कुमार देवांगन को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। प्रदेश स्तर पर पद मिलने पर सामाजिक बंधुओं और साथियों द्वारा बधाई दी गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिला अध्यक्ष लक्ष्मी चंद देवांगन, राज अध्यक्ष गण निहाल देवांगन महासमुंद, पीलू राम देवांगन कोमाखान, पुनीत देवांगन कोमाखान, रमेश देवांगन झलप, पुरुषोत्तम देवांगन लंजीमार सहित सामाजिक जनों ने बधाई दी है।

# स्काउट-गाईड के विद्यार्थी दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाता का करेंगे सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने शनिवार को स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत स्काउट गाईड के विद्यार्थियों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आगामी 26 अप्रैल को लोकसभा का चुनाव होगा। जिसमें आप सभी लोग मतदाता मित्र की तरह मतदान केंद्रों पर दिव्यांग, बुजुर्ग एवं गर्भवती माताओं को लाने ले जाने में सहयोग करेंगे। इस संबंध में उन्होंने स्काउट-गाईड को मतदान केंद्रों पर किए जाने वाले कार्यों एवं सावधानियों के संबंध में जानकारी दी। श्री अग्रवाल ने लोकतंत्र में मतदान के महत्व के संबंध में विस्तार से बताया। उन्होंने स्काउट-गाईड के विद्यार्थियों को मतदाताओं से मतदान करने और अपने अभिभावकों, पड़ोसियों एवं अन्य प्रियजनों को मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील की। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ए.के सारस्वत, जिला परियोजना अधिकारी सारक्षर भारत श्री बुद्धविलास सिंह सहित स्काउट-गाइड प्रभारी शिक्षक, प्राचार्य एवं स्काउट-गाईड के विद्यार्थीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।





# लोहझर में धूमधाम से मना नवरात्रि पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव(कोरासी)

मां शाकंभरी शक्तिपीठ लोहझर, तहसील-छुरा में शाकंभरी समाज छुरा क्षेत्र द्वारा चैत्र नवरात्र पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। रामनवमीं के पावन अवसर पर शाकंभरी समाज द्वारा मनोकामना जोत का विसर्जन शाकंभरी सेवा जस समिति के द्वारा माताजी के जसगीत के साथ किया गया। तत्पश्चात शाकंभरी शक्तिपीठ प्रांगण में भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र का जन्मोत्सव एवं ब्रह्मलीन संत सिया भुनेश्वरी शरण महाराज सिरकट्टी आश्रम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से शाकंभरी समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा मनाया गया। शाकंभरी समाज के पदाधिकारियों द्वारा समाज के सभी लोगों को भगवान श्री रामचंद्र के आदर्शों पर चलने एवं ब्रह्मलीन संत भुनेश्वरी शरण महाराज जी द्वारा किए गए कार्यों का अनुसरण करते हुए सही मार्ग में चलने का आह्वान किया गया। उक्त अवसर पर शाकंभरी समाज के संयोजक नारायण पटेल छुरा, संरक्षक-नारायण पटेल लोहझर, श्यामलाल पटेल लोहझर, संतोष पटेल परसदाखुर्द, सलाहकार हेमलाल पटेल लोहझर, जीवन पटेल पिपराही, राजा रूपसिंग पटेल बोड़राबांधा, अध्यक्ष कृष्णकुमार पटेल पिपराही, उपाध्यक्ष थुकेलराम पटेल अमेठी, कोषाध्यक्ष धनीराम पटेल बोड़राबांधा, सचिव योगेश पटेल लोहझर, मूलचंद पटेल व जागेश पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित थे।





### बसंत को मिली अध्यक्ष क्लब की आजीवन सदस्यता मिली

**महासमुंद।** वरिष्ठ बीमा अभिकर्ता बसंत कुमार जैन को अध्यक्ष क्लब की आजीवन सदस्यता प्रदान की गई है। लगातार 25 सालों तक श्री जैन अध्यक्ष क्लब के महासमुंद ब्रांच के पहले सदस्य हैं। उनकी इस उपलब्धि पर वरिष्ट मार्केटिंग मैनेजर, ब्रांच मैनेजर, अधिकारी, अभिकर्ता, मित्रों, और परिजनों ने हर्ष जताया है।

# स्वयंसेवकों ने तीन दिवसीय फन-फूड-म्यूजिक फेस्टिवल में लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर के निर्देशानुसार महासमुंद जिले के मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरुक करने अनोखी पहल की जा रही है। मतदाताओं के बीच मतदान संबंधी जानकारी पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा नगर के बीटीआई गुरु गोविंद सिंह गार्डन पास स्थित चौपाटी में दिनांक 19 से 21 अप्रैल 2024 तक तीन दिवसीय चुनई मड़ई अंतर्गत फन-फूड-म्यूजिक फेस्टिवल शाम 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से मतदाताओं के बीच 'मेरा वोट मेरी पहचान शतप्रतिशत करना है मतदान' थीम के माध्यम मतदाताआ जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

मतदाता जागरुकता की इस अनोखी पहल में शांत्रीबाई कला, वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय, महासमुंद के स्वयंसेवकों ने प्राचार्य डॉ सविता चंद्राकर के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी गायत्री चंद्राकर के निर्देशन में दिनांक 19 अप्रैल 2024 को चौपाटी में ब्रेड पकौड़ा व भेल का स्टॉल लगाकर मतदान जागरुकता हेतु संदेश दिया। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस जागरुकता में खाने-पीने के साथ, संगीत प्रेमियों के लिए संगीत कार्यक्रम व जूंबा डांस के माध्यम से मतदान जागरुकता का संदेश दिया जा रहा है। जिसे आम नागरिकों द्वारा खूब सराहा जा रहा है।



मतदाता जागरुकता की इस कड़ी में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सविता चंद्राकर, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी गायत्री चंद्राकर, महाविद्यालय स्टाफ मेनका चंद्राकर, नारायण चक्रधारी, आकांक्षा सिंह, देवेंद्र चंद्राकर, शत्रुघन पटेल, गुलाब चंद्राकर, देवानंद चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चंद्राकर, मानिक लाल तारक ने लोगों को मतदान करने हेतु जागरुक किया और 26 अप्रैल को अनिवार्य रुप से मतदान करने की अपील की। उपरोक्त प्रेस विज्ञप्ति मीडिया प्रभारी घनश्याम साहू के माध्यम से दिया गया।

# नवागांव मिडिल स्कूल में दी गई आठवीं के छात्रों को विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय उच्च प्राथमिक शाला नवागांव में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया।

इसकी बात कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने अपने 3 वर्ष के खट्टे मीठे अनुभव को बताया। इसमें शाला नायक खुशी पटेल, उपशाला नायक ओम कुमार, मेघा, चंद्रिका रूपेश्वरी, डोमेश्वरी, साक्षी, निर्मला भारती, अनन्या, भविष्य, पप्पू, सुजल, पीतांबर, ईश्वर सेन आदि छात्रों ने अपने अनुभव को साझा किया। कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों को शाला परिवार द्वारा उपहार भेंट किया गया, तथा कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने शाला परिवार को प्रतीक चिन्ह भेट किया। विद्यार्थियों के लिए मनोरंजन खेल का भी आयोजन किया गया जिसमें चिट निकालकर विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। विद्यार्थियों द्वारा इसका खूब आनंद लिया गया। ईश्वर सेन को विकासखंड स्तरीय विज्ञान एवं गणित अविष्कार प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए सम्मानित किया गया। सुमित दीवान को मिस्टर फेयरवेल एवं चंद्रिका यादव को मिस फेयरवेल चुना गया। विद्यालय के प्रधान पाठक शचमन लाल निर्मलकर, शिक्षक अरुण कुमार साहू, अमर साहू, मेमन कुमार चंद्राकर द्वारा विदाई भाषण में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य कामना करते हुए निरंतर आगे बढ़ने तथा विद्यालय, परिवार,शिक्षकों एवं माता-पिता का नाम रोशन करने का आशीर्वाद दिया गया। सरपंच श्री गंगाराम दीवान द्वारा सभी छात्र-छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

कार्यक्रम का संचालक शिक्षक मेमन चंद्राकर व कप्रेरणा निर्मलकर द्वारा किया गया। आभार शिक्षक अरुण कुमार साहू द्वारा किया गया। सभी विद्यार्थियों के लिए जलपान एवं मीठे का भी व्यवस्था किया गया था। कार्यक्रम में रसोईया श्रीमती हीरा बाई, कुमारी बाई, सफाई कर्मचारी अमृत बाई भी उपस्थित थे। जया पटेल, डोमेश्वरी बरिहा, मंजू, भूमिका, रागिनी, यामिनी, गौरव, थमेश, वर्षा, सिमरन, आरती सहित सभी छात्राओं का योगदान रहा।



# खरोरा में रामायण सम्मेलन के चौथे दिन मंडलियों ने दी अपनी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम खरोरा में पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन का आयोजन चल रहा है। चौथे दिन रामेश्वरम मानस मंडली बैहार आरंग, हरि कीर्तन मानस मंडली रायपुर, जय मां खल्लरी मानस मंडली परसाडीह, जय सरस्वती बालिका मानस मंडली गोडा पलारी, जय मां दुर्गा मानस मंडली मंदिर हसौद मानस मंडली ने अपनी प्रस्तुति दी।

रामायण के टीकाकार ने लोगों को बताया तुलसीदास ने श्रीरामचरितमानस हिंदी साहित्य में अद्वितीय स्थान रखता है। इसमें भगवान राम के साथ-साथ हमारी भारतीय संस्कृति, जो सदैव से पूजनीय रही है, उसका वर्णन अत्यन्त सरल, रोचक और ओजस्वी शब्दों में किया गया है। तुलसीदासजी धन्य हैं, जिन्होंने जगत के निमित्त श्रीरामचरितमानस की रचना की है। मैं अपने स्तर पर श्रीरामचरितमानस का महात्म्य कहने में समर्थ नहीं हूं। मेरे द्वारा किये गये इस प्रयास की शुरुआत मां सरस्वतीजी की कृपा से ही संभव हो पाई है। रामायण सम्मेलन में रात्रि 8:00 बजे भगवान श्री राम जी की महाआरती के साथ पूजा अर्चना किया गया। जय बजरंग मानस मंडली के उपाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कहा जहां भी भगवान श्री राम जी की पूजा पाठ होती है वहां रामायण की आरती जरूरी है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान श्री राम जी की आरती करने से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं।



पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन का आयोजन पर रामायण मंडली के सभी सदस्य ने जुटे हुए हैं। अध्यक्ष किशन लाल चंद्राकर, मुकेश चंद्राकर, चमन मानिकपुरी, परमानंद चंद्राकर, रामकुमार चंद्राकर, लता चंद्राकर, संतोषी चंद्राकर, कलिंद्री चंद्राकर, कुमारी बाई चंद्राकर, मोतीलाल चंद्राकर, गाजाधर चंद्राकर मौजूद रहे। चौथे दिन मंच संचालन हेमू चंद्राकर ने किया।

# विद्यार्थियों को पदक पहनाकर प्रदान किया प्रशस्ति पत्र, किया सम्मानित

**अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में प्रतिभा स्कूल के छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

प्रतिभा पब्लिक स्कूल बालसी में अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड के प्रथम स्तर की परीक्षा आयोजित की गई थी। उक्त परीक्षा में अन्वी अग्रवाल कक्षा प्रथम प्रथम स्थान, वंश अग्रवाल कक्षा द्वितीय प्रथम स्थान, स्वाति मिश्रा कक्षा पंचम प्रथम स्थान, श्रेष्ठा पंडा कक्षा षष्ठ प्रथम स्थान पर रही, कक्षा नवम से आद्या अग्रवाल प्रथम स्थान, विराज बंजारे द्वितीय स्थान, तथा यस नायक को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, जबकि कक्षा दशम से सौम्या अग्रवाल प्रथम स्थान, नेहा साहू, द्वितीय स्थान एवं पीयूष कुमार नायक क्रमशः तृतीय स्थान पर रहे विजयी समस्त प्रतिभागियों को विज्ञान ओलंपियाड फाउंडेशन नई दिल्ली ने स्वर्ण पदक तथा प्रशस्ति पत्र द्वारा पुरस्कृत किया। प्राचार्य नरहरि पटनायक ने प्रार्थना सभा में सभी विद्यार्थियों को पदक पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया, विद्यार्थियों की इस उपलब्धि में प्राथमिक स्तर पर सह समन्वयक ज्योतिर्मय महापात्र माध्यमिक स्तर पर सुशील महापात्र एवं हाई स्कूल स्तर पर विवेक वर्मा तथा समन्वयक नीलम पाणिग्रही का सहयोग उल्लेखनीय रहा।



पेज 9 के शेष...

### 14-14 टेबल लगाकर...

बताया कि जिले के राजिम एवं बिन्द्रानवागढ़ इन दोनों विधानसभा क्षेत्र के इलेक्ट्रानिंग वोटिंग मशीनों की सुरक्षा, इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन का वितरण, मतदान दल की रवानगी, मतगणना स्थल, और मतगणना दिवस के दिन के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, रिटर्निंग आफिसर, जिला निर्वाचन अधिकारी की अलग-अलग बैठक व्यवस्था एवं मॉनिटरिंग कक्ष बनाएं जाएंगे।

महासमुंद संसदीय क्षेत्र में कुल 17 अभ्यर्थी- जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में 14-14 टेबल लगाकर मतदान के लिए इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की कमिशनिंग कार्य किया जा रहा हैं। इसके माध्यम से बीयू में बैलेट पेपर लगाएं गए और पिंक पेपर से सील किया गया। व्हीव्हीपैट में ईसीआईएल के इंजिनियरों के माध्यम से सिंबॉल लोडिंग का कार्य किया गया। सभी बीयू, सीयू और व्हीव्हीपैट का सिलिंग कार्य किया जा रहा है। महासमुन्द संसदीय क्षेत्र में कुल 17 अभ्यर्थी एवं नोटा 01 कुल 18 है। विधानसभा क्षेत्र राजिम के 274 मतदान केन्द्र हैं। इन मतदान केन्द्रों के लिए 662 बैलेट यूनिट, 331 कंट्रोल यूनिट तथा 383 रिजर्व सहित व्हीव्हीपैट को सुरक्षित रखा गया है। विधानसभा क्षेत्र बिन्द्रानवागढ़ में कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 299 हैं।

### प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम...

पाण्डुका द्वारा कराया गया। इस अवसर पर श्रम पदाधिकारी एलन मिंज प्राचार्य महेन्द्र राम, पूरन लाल साहू, हुलास राम साहू, दीपक कुमार बौद्ध, सतीश तिवारी, उप प्राचार्य यू के राठिया, शिक्षक आर एन सोन, ममता,एके राणा, एम के पांडे, टीआर साहू, कृपा दलई व्याख्याता सीमा साहू, अजय यादव, ज्ञानेंद्र शर्मा, सतीश मालवीय, जितेंद्र साहू, महिमा तिर्की, वंदिता गोधेजा एवं छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।

### खबर प्रकाशन के...

के बाद आम जनता ने राहत की सांस ली। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय राजमार्ग (नेशनल हाईवे) 130 सी रायपुर देवभोग मार्ग में कोपरा और पाण्डुका के बीच उड़ते धूल से हर कोई परेशान था। सड़क में हर दिन हजारों की संख्या में लोग जान जोखिम में डालकर आवागमन करने मजबूर हैं। इन सब के बावजूद प्रशासन कुछ नहीं कर रहे थे। एक तरह से सड़क में उड़ते धूल हर किसी के लिए परेशानी का सबब बना हुआ था। उड़ते हुए धूल के गुबार आसपास के दुकानों में और पास के बस्ती में घुस रहे थे। उड़ते हुए धूल की वजह से सड़को में सुरक्षित चलना मुश्किल हो गया था। हालात ऐसा था की सामने या पीछे की ओर से आने जाने वाले वाहन धूल की वजह से दिखाई नहीं देते लिहाजा आए दिन सड़क में हादसे हो रहे हैं। धूल की वजह से लोगों का सांस लेना मुश्किल हो गया था। रबी फसल में लगे धान की फसल भी धूल से प्रभावित हो रहा है। धान में धूल की परत जम गया है,किसान बड़े मेहनत से धान की फसल तैयार किया है। अब फसल की बदली हुई सूरत ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। नेशनल हाईवे 130 सी में बीते एक साल से फोरलेन सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। सड़क में मुरूम की जगह निम्न स्तरीय मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। जिसके कारण सड़क की गुणवत्ता खराब हो रही है। इसके अलावा सड़क में डाले गए मिट्टी अब धूल बनकर उड़ रही हैं।

### शिक्षकों ने लोगों को...

योजना तैयार की गई थी। इस आयोजन को सफल बनाने स्वामी आत्मानंद स्कूल के संतोष सूर्यवंशी, शिखा महाड़िक, कमल सोनकर, अंजू मार्कण्डे, नारायण लाल साहू, जमील अहमद, जितेंद्र साहू ने रूट चार्ट, नारे, फ्लेक्स, साउंड एवं माइक व्यवस्था फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी आदि की व्यवस्था की थी। रैली का शुभारंभ शासकीय राम विशाल पांडे उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल राजिम से हुआ एवं भगवान राजीव लोचन मंदिर के नदी तट पर सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य गोविंद चौधरी एवं बीआरसी सुभाष शर्मा के समापन उद्बोधन के साथ समाप्त हुआ।

# स्पेशल के बाद अब 'क्लोन ट्रेन' चलाने की तैयारी, रद्द नहीं होगा ई-टिकट, मिलेगी राहत

## एक नाम के चलेंगी दो ट्रेनें, वेटिंग लिस्ट के यात्रियों को मिलेगी जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नियमित ट्रेनों में बढ़ती भीड़ और लंबी होती प्रतीक्षा सूची को न्यूनतम स्तर पर लाने रेलवे क्लोन एक्सप्रेस ट्रेनों को नियमित तौर पर अपनी समय सारिणी में जगह देने की तैयारी कर रहा है। विभिन्न यात्री समितियों की सिफारिश के बाद रेलवे बोर्ड के निर्देश पर सभी जोन ने अपनी भारी भीड़ वाली विशेष ट्रेनों के आंकड़े तैयार कर लिए हैं।

रायपुर में छपरा, पटना व दिल्ली व उत्तरप्रदेश को जोड़ने वाली सारनाथ और छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस को क्लोन ट्रेन बनाकर चलाया जा सकता है। क्लोन ट्रेन चलाने का प्रस्ताव कई बार पूर्व में बोर्ड को भेजा जा चुका है। कुछ साल पहले ट्रायल के रूप में इन एक्सप्रेस की क्लोन ट्रेन का प्रयोग सफल भी रहा है। क्लोन ट्रेन संबंधित ट्रेन की जुड़वा होती है, जिनका गाड़ी नंबर और दूरी सबकुछ एक समान होते हैं। इसमें प्रतीक्षा सूची के यात्रियों को सीट दी जाती है। वर्तमान में जोन ने 6 से अधिक राज्यों के लिए समर स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की है। यात्रियों की मांग पर अब क्लोन ट्रेन चलाई जाएगी।

### सर्वाधिक कमाई सारनाथ और छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस की

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की सारनाथ और छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस भारी कमाई वाली ट्रेन है। सर्वाधिक अतिरिक्त कोच इसी ट्रेन में लगते हैं। जानकारी के मुताबिक 2023 में लगभग 10 लाख से भी अधिक लोगों यात्रा की, जिससे रेलवे को लगभग 60 करोड़ कमाई हुई है। हालांकि लंबी प्रतीक्षा सूची और टिकट कंफर्म न होने पर स्वतः कैंसिल होने की संख्या भी सबसे ज्यादा है।



### ...तो चलाएंगे क्लोन ट्रेन

*क्लोन ट्रेन आवश्यकता पड़ने पर चलाई जा सकती है। वर्तमान में विभिन्न रूट के लिए समर स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की गई है, जिससे यात्रियों को लाभ होगा। अधिक भीड़ होने की स्थिति में इस पर विचार किया जाएगा।*

**- विकास कश्यप**
*सीपीआरओ, दपूमरे*

### वेटिंग यात्रियों को अलॉट होंगी सीटें

ओरिजनल ट्रेन का चार्ट बनने के तत्काल बाद प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों को क्लोन ट्रेन में उनकी सीट का नंबर आदि अलॉट कर संबंधित मोबाइल नंबर के जरिये भेजा जाता है। हालांकि इनकी बनावट में परिवर्तन रहेगा। स्लीपर व एसी प्रथम, द्वितीय कोच नहीं रखे जाएंगे। ये क्लोन ट्रेनें सामान्य तौर पर थ्री एसी कोच से बनेंगी। जिन रेलमंडलों के पास अतिरिक्त कोच हैं, सबसे पहले वहां की सर्वाधिक मांग वाली यात्री ट्रेन के क्लोन की व्यवस्था होगी। इससे ई-टिकटिंग वाले वे टिकट, जो कंफर्म नहीं होने पर स्वतः ही कैंसिल हो जाते हैं, इस समस्या से यात्रियों को राहत मिल जाएगी। यात्रियों को यात्रा के लिए सीट मिल जाएगी, रेलवे का राजस्व भी बढ़ेगा।

## खबर संक्षेप

### मृतकों के परिजनों को एक-एक करोड़ मुआवजा देने की मांग



**रायपुर।** राजधानी के एक होटल के गटर में उतरे दो होटल कर्मियों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इस मामले में दोषियों के विरुद्ध आईपीसी की धारा 304 के तहत गैरइरादतन हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की है। साथ ही मृतक परिजनों को एक-एक करोड़ रुपए मुआवजा देने की भी मांग की गई है। इस संबंध में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता, अधिवक्ता भगवानू नायक ने बताया कि दो होटल कर्मियों की मृत्यु गटर में जहरीली गैस से होना बताया जा रहा है। उक्त घटना की कवरेज करने गए मीडिया कर्मियों के साथ भी होटल कर्मियों द्वारा बदसलूकी और दुर्व्यवहार किए जाने की कड़ी निंदा की। उन्होंने उक्त पूरे मामले में पुलिस से गंभीरता से विवेचना कर दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### 'नाचे आम आदमी' का विमोचन

**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 21 अप्रैल को कवि राजेश जैन 'राही' की व्यंग्य कृति 'नाचे आम आदमी' का विमोचन किया जाएगा। साथ ही कवि सम्मेलन भी होगा। पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथि डॉ. गिरीश पंकज, डॉ. चितरंजन कर, डॉ. मृणालिका ओझा, एम. राजीव एवं संजय जैन गिड़िया द्वारा किया जाएगा। इसी दौरान अतिथि अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाली विभिन्न सामाजिक संस्थाओं को 'नवरंग समाज रत्न सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा।
यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि कवि सम्मेलन में भूमिका जैन आगरा, शालू सांखला भीलवाड़ा, सलोनी जैन ब्यावर समेत स्थानीय रचनाकार भी अपनी कविताओं का पाठ करेंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सीमा श्रीवास्तव एवं अनिल श्रीवास्तव जाहिद करेंगे।

### पुरी शंकराचार्य का राजधानी में तीन दिवसीय प्रवास



**रायपुर।** पुरी पीठाधीश्वर, जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज तीन दिवसीय प्रवास पर 21 अप्रैल को छत्तीसगढ़ पहुंच रहे हैं। अपने प्रवास के तहत वे पुरी-अहमदाबाद ट्रेन से 21 अप्रैल को सुबह लगभग पौने 10 बजे रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। यहां भव्य स्वागत के बाद वे सड़क मार्ग से श्री सुदर्शन संस्थानम के लिए रवाना होंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी अरविंद तिवारी ने देते हुए बताया कि छग प्रवास के पहले दिन 21 अप्रैल को दोपहर 12 बजे उनका दर्शन सुलभ होगा, वहीं शाम 6 बजे वे दर्शन, संगोष्ठी में शामिल होंगे।

### प्राची ने वित्त मंत्री चौधरी से की मुलाकात



**रायपुर।** गुढ़ियारी निवासी प्राची राठी का यूपीएससी में चयन हुआ है। प्राची ने अपने परिवार के साथ शुक्रवार को वित्त मंत्री ओपी चौधरी से सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान श्री चौधरी ने यूपीएससी में चयन होने पर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## आईवीएफ सेंटर पर लापरवाही का आरोप, महिला ने सर्जरी के बाद तोड़ा दम

**रायपुर।** ऑपरेशन के घंटेभर पहले अस्पताल में सेल्फी लेने वाली महिला की सर्जरी के बाद मौत हो गई। इस मामले में परिजनों ने आईवीएफ सेंटर प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों ने इस मामले में थाने में शिकायत करने की बात कही है। परिजनों का कहना है कि ऑपरेशन थियेटर में रखने के तीन घंटे बाद महिला की तबीयत खराब होने का हवाला देकर उसे दूसरे अस्पताल रेफर किया गया, मगर वहां प्रारंभिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया गया। महिला राजननांदगांव से गर्भाशय संबंधित समस्या को लेकर ऑपरेशन कराने आई थी। राजनांदगांव लखौली निवासी नीलम पति मनोज साहू के मृत्यु के मामले में देवर रूपेंद्र साहू ने राजधानी के एक आईवीएफ सेंटर के चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। रूपेंद्र ने बताया कि नीलम को गर्भपात की शिकायत थी, जिसके इलाज के लिए वह महीनेभर पहले आईवीएफ सेंटर आई थी। उस दौरान विभिन्न तरह की जांच के बाद चिकित्सकों ने समस्या के समाधान के लिए ऑपरेशन कराने की सलाह दी थी। बताया जाता है कि शुक्रवार को वह अपने पति और देवर के साथ यहां पहुंची। फीस जमा करने के बाद उसे सुबह 10 बजे ऑपरेशन थियेटर ले जाया गया। आरोप है कि दोपहर 2 बजे चिकित्सकों ने नीलम की हालत बिगड़ने का हवाला देकर उसे दूसरे अस्पताल भेजने का तर्क दिया। उसे मोवा स्थित एक हास्पिटल भेजा गया, अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।



### कांग्रेस प्रत्याशी की नामांकन रैली में वरिष्ठ नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता हुए शामिल

# ट्रैक्टर पर सवार होकर पहुंचे विकास शक्ति प्रदर्शन के बाद भरा नामांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय शुक्रवार को शक्ति प्रदर्शन के साथ अपना ट्रैक्टर पर सवार होकर नामांकन करने पहुंचे। नामांकन रैली में कांग्रेस वरिष्ठ नेता व सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। नामांकन से पहले कांग्रेस भवन गांधी मैदान में एक बड़ी सभा का आयोजन कर मंच से वरिष्ठ नेताओं ने कांग्रेस की 10 न्याय और 25 गारंटी के बारे में बताया।

सभा में प्रभारी सचिव चंदन यादव, वरिष्ठ नेता धनेंद्र साहू, इंद्र साव, छाया वर्मा, अनिता शर्मा, शैलेश नितिन त्रिवेदी, प्रतिमा चंद्राकर, गिरीश दुबे, कुबेर यदु, पप्पू बंजारे, नारायणदास कुर्रे, अमितेश शुक्ला उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ के राज्यगीत के साथ सभा की शुरुआत हुई। सभा उपरांत कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने ट्रैक्टर में बैठकर एक विशाल रैली निकाली। रैली कोतवाली, मालवीय रोड, जयस्तंभ चौक, शास्त्री चौक, घड़ी चौक होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंची। जहां विकास उपाध्याय ने अपना नामांकन दाखिल किया। हाथों में झंडे, बैनर, पोस्टर लेकर कार्यकर्ता रैली में शामिल हुए। जगह-जगह रैली का आतिशीबाजी के साथ स्वागत किया गया। पुष्पवर्षा कर कार्यकर्ताओं ने श्री उपाध्याय का अभिनंदन किया। रैली में महिलाएं सिर पर साफा पहनकर सबसे आगे दुपहिया वाहनों पर सवार थीं और कांग्रेस पार्टी के नारे बुलंद कर रही थीं।



### जोगी कांग्रेस के नेता अब कांग्रेस में

छत्तीसगढ़ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने कांग्रेस की नीतियों को अवगत कराते हुए बताया कि हर वर्ग सत्ता में कांग्रेस को फिर से सत्तासीन देखना चाहता है। ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा के नेतृत्व में धरसींवा ब्लॉक के राजा राज बंजारे, विवेक बंजारे, रोहित नायक, अमित साहू, नजीब अशरफ, वरुण पटेल, दिनेश यादव, सूर्यनारायण किसले, महेश यादव, सोनू गुप्ता, अफसार कुरैशी सहित 25 पदाधिकारियों ने कांग्रेस प्रवेश किया।

### ये रहे उपस्थित

इस रैली में राजेंद्र तिवारी, पंकज शर्मा, प्रवीण साहू, संजय पाठक, शिव ग्वालानी, राम गिडलानी, सुनील छतवानी, बसंत पटेल, पार्षद सुंदर जोगी, राधेश्याम विभार, बंशी कन्नौजे, प्रमोद तिवारी, पुरुषोत्तम बेहरा, मनीराम साहू ,राकेश गुप्ता, विमल गुप्ता, प्रमोद चौबे, जसबीर ढिल्लन, हैप्पी बाजवा, इस्माइल गफूर, हैदर अली, भोज कुमारी यदु, राकेश धोत्रे आदि उपस्थित थे।

## चुनाव ड्यूटी के दौरान शहीद जवान के परिजनों को 30 लाख रुपए अनुग्रह राशि

**रायपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार बस्तर लोकसभा क्षेत्र में निर्वाचन ड्यूटी के दौरान सीआरपीएफ के शहीद आरक्षक देवेंद्र कुमार के परिजनों को छत्तीसगढ़ राज्य प्रतिकर नियमानुसार 30 लाख रुपए की अनुग्रह राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। निर्वाचन ड्यूटी के दौरान घायल सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट मनु एचसी को 15 लाख रुपए अनुग्रह राशि की मंजूरी दी गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्वाचन कार्य के लिए नियोजित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सुरक्षा बलों के जवानों के निर्वाचन कर्तव्य के दौरान मृत्यु अथवा घायल होने की स्थिति में छत्तीसगढ़ राज्य प्रतिकर नियमानुसार अनुग्रह राशि की स्वीकृति प्रदान की जाती है। बस्तर लोकसभा क्षेत्र में आज मतदान के दौरान शहीद और घायल जवानों के लिए नियमानुसार अनुग्रह प्रतिकर भुगतान राशि की स्वीकृति की कार्यवाही की जा रही है।

### आईईडी की चपेट में आए थे जवान

उल्लेखनीय है कि बस्तर लोकसभा क्षेत्र में आज मतदान के दौरान बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मतदान केंद्र गलगम में आउटर कार्डन ड्यूटी में तैनात सीआरपीएफ के डी-196 कंपनी के आरक्षक देवेंद्र कुमार कैंपस के बाहर एरिया डोमिनेशन के दौरान आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से गंभीर चोट लगने से घायल हो गए थे। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए एयर एंबुलेंस से रायपुर लाते समय उनका निधन हो गया। बीजापुर में सीआरपीएफ के 62वीं बटालियन की ई-कंपनी मतदान के मद्देनजर एरिया डोमिनेशन पर निकली थी। एरिया डोमिनेशन के दौरान थाना भैरमगढ़ क्षेत्रांतर्गत चिहका क्षेत्र में आईईडी ब्लास्ट हो गया।

## चौधरी बोले- विकास के लिए बस्तर में भाजपा के पक्ष में मतदान, बैज ने कहा- सभी सीटें जीतेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ में प्रथम चरण के पूर्ण हुए मतदान के बाद भाजपा को अभूतपूर्व जनसमर्थन मिलने का विश्वास व्यक्त करते हुए कहा, बस्तर लोकसभा की जनता-जनार्दन ने बस्तर समेत पूरे छत्तीसगढ़ के विकास के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान किया है। उनका कहना है, प्रदेश की सभी 11 की 11 सीटों पर भाजपा को जीत मिलेगी। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने भी प्रदेश में सभी सीटें जीतने का दावा किया है।

एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री चौधरी ने कहा, आज अगर बस्तर में नक्सलवाद का दंश न होता तो बस्तर विकास की एक नई गाथा लिख चुका होता। बस्तर लोकसभा सीट पर भाजपा प्रचंड मतों से विजयी होगी। नक्सलवाद के खात्मे के लिए पहले कांग्रेस का खात्मा करना जरूरी मानकर बस्तर की जनता ने अब छत्तीसगढ़ को कांग्रेसमुक्त राज्य बनाने की शुरुआत प्रथम चरण के मतदान के साथ बस्तर से कर दी है। श्री चौधरी ने कहा, बस्तर में भारी संख्या में मतदाताओं ने मतदान कर यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि बस्तर विकास के साथ कदमताल करने का ख्वाहिशमंद है। बस्तर की जनता अब नक्सली हिंसा से पूरी तरह मुक्ति चाहती है।




### नक्सलवाद करेंगे खत्म

श्री चौधरी ने कहा, बस्तर के विकास की सबसे बड़ी बाधा नक्सलवाद को खत्म करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार संकल्पित है। सरकार बनने के बाद अभी तक विभिन्न मुठभेड़ों में लगभग 84 नक्सली मारे गए हैं। सरकार ने आदिवासी क्षेत्र में नियद नेल्लानार नाम की योजना चालू की है, जिसका अर्थ है मेरा अच्छा गांव। इसके तहत आदिवासी क्षेत्र में शहर के समान सारी सुविधाएं विकसित करने का कार्य प्रारंभ हो चुका है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पुलिस कैंप खोले जा रहे हैं, जिसे हम विकास के कैंप कहते हैं। इन कैंपों के माध्यम से उनके आसपास 5 किलोमीटर के क्षेत्र में राशन दुकान, स्वास्थ्य सुविधाएं, पानी, बिजली आदि सुविधाएं विकसित करना प्रारंभ हो गया है।

### बैज बोले- बस्तर ने बता दिया देश में बदलाव की लहर

पहले चरण के मतदान के बाद कांग्रेस ने दावा किया कि बस्तर में कांग्रेस के पक्ष में मतदान हुआ है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, बस्तर सहित छत्तीसगढ़ की सभी लोकसभा सीटों पर कांग्रेस पार्टी जीत दर्ज कराएगी। बस्तर की जनता ने साफ संकेत दिया है कि देश में बदलाव की हवा चल रही है। छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में भाजपा और मोदी सरकार के खिलाफ जबरदस्त जनाक्रोश है, जो बस्तर के मतदान केंद्रों पर साफ दिख रहा था। देश की जनता ने महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और जुमलेबाजी के खिलाफ मतदान किया है। आज प्रथम चरण के जिन 102 सीटों पर मतदान हुआ, उनमें इंडिया गठबंधन 70 प्रतिशत सीटों पर जीतेगा। श्री बैज ने कहा, छत्तीसगढ़ में परिवर्तन करने जनमानस तैयार बैठा है। चार महीने पहले छत्तीसगढ़ में झूठे वादे करके सरकार बनी और चार महीने में ही लोगों को लग नहीं रहा है कि छत्तीसगढ़ में कोई सरकार भी है। इसीलिए पूरे देश में और प्रदेश में लोग बदलाव चाहते हैं।

## मॉकपोल के डाटा अनिवार्य रूप से हटाएं ईवीएम की सुरक्षा का रखें विशेष ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोकसभा चुनाव-2024 के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर सभाकक्ष में शुक्रवार को सामान्य प्रेक्षकों और व्यय प्रेक्षकों ने नोडल अधिकारियों तथा एआरओ की बैठक ली। इस बैठक में प्रेक्षकों ने चुनाव के दौरान मॉकपोल डाटा अनिवार्य रूप से हटाए जाने के साथ ईवीएम को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। सामान्य प्रेक्षक रोहन चंद ठाकुर ने कहा, सबसे जरूरी बात है कि ईवीएम की देखरेख उचित ढंग से की जाए। यह अधिकृत अधिकारियों-कर्मचारियों के जिम्मेदारी में रहे। कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति इसे छू नहीं पाए। उन्होंने मॉकपोल का डाटा अनिवार्य रूप से हटाने के भी निर्देश दिए, ताकि री-पोलिंग की स्थिति निर्मित न हो। सामान्य प्रेक्षक संजय कुमार ने कहा कि एआरओ अपने विधानसभा क्षेत्र में मतदान की आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लें। पुलिस ऑब्जर्वर आईपीएस बिपिन शंकरराव अहिरे ने कहा कि प्रारंभ से छोटे-छोटे विषयों पर ध्यान रखें। इससे आगे गलतियां नही होंगी। सुरक्षा संबंधित निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें। व्यय प्रेक्षक रणविजय कुमार ने राजस्व एवं पुलिस विभाग सहित अन्य सभी विभागों के निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारियों को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने और निर्वाचन प्रक्रिया में सहभागी बनने के निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक अष्टानंद पाठक ने मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी को सतर्क रहने, चेकपोस्ट पर अवैध शराब की धरपकड़, संपति विरूपण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे, एडीएम देवेंद्र पटेल, कीर्तिमान सिंह, निधि साहू तथा समस्त एसडीएम सहित अधिकारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने दी तैयारियों की जानकारी

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने बैठक में चुनाव को लेकर की गई तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी एआरओ ने अपने विधानसभा क्षेत्र के एक-एक मतदान केंद्र का स्वयं निरीक्षण किया है। हमारे द्वारा प्रशिक्षण में कुछ नवाचार किया गया है, जिससे प्रशिक्षार्थी आसानी से प्रशिक्षण ले सकें। उन्होंने बताया कि इस बार उत्तर विधानसभा के सारे बूथ पिंक बूथ हैं। इनमें एआरओ से लेकर पीठासीन अधिकारी और कर्मचारी महिलाएं होंगी। एसएसपी श्री संतोष सिंह ने बताया कि निर्वाचन के दौरान सुरक्षा के सारे प्रावधान सुनिश्चित किए गए हैं और पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी। आईटी नोडल उज्जवल पोरवाल ने बताया कि प्रशिक्षण में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर के वीडियो क्लिपिंग दिखाए जा रहे हैं और मतदान गीत भी तैयार किया गया है, जिसे कर्मचारियों के वाट्स एप ग्रुप में दे दिया गया है।

## रायपुर लोकसभा सीट के लिए 45 प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर लोकसभा सीट के लिए 45 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। इनमें राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त भाजपा, कांग्रेस, बसपा सहित अन्य राजनीतिक दलों के अलावा बड़ी संख्या में निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी नामांकन भरा है। नामांकन दाखिल करने वालों में कई प्रत्याशियों ने एक से अधिक फार्म भी भरे हैं, जिसके कारण जमा फार्म की संख्या 66 तक पहुंच गई। इस तरह 21 फार्म अतिरिक्त भरे गए हैं। रायपुर लोकसभा क्रमांक-8 के लिए नामांकन जमा करने की प्रक्रिया 12 अप्रैल से शुरू होकर 19 अप्रैल तक चली। लोकसभा चुनाव में नामांकन दाखिल करने के लिए 8 दिन तय किए गए थे, लेकिन त्योहार के अलावा शनिवार व रविवार को अवकाश के कारण प्रत्याशियों को नामांकन जमा करने के लिए बहुत कम दिन मिले। इसे देखते हुए प्रत्याशियों ने भी समय रहते नामांकन दाखिल कर दिए।

नामांकन फार्म भरने का शुक्रवार को अंतिम दिन था। कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय अंतिम दिन जुलूस लेकर नामांकन दाखिल करने पहुंचे थे। जुलूस में हजारों कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता शामिल हुए, जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व कांग्रेस विधायक धनेंद्र साहू, पदाधिकारी शैलेश नितिन त्रिवेदी सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। जुलूस की शक्ल में विकास ने शक्ति प्रदर्शन दिखाते हुए खुद को चुनाव में जीत का प्रमुख दावेदार भी बताया।

## फैक्ट्री में आग, आधा दर्जन ट्रांसफार्मर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उरला इलाके में संचालित स्टील फैक्ट्री में शुक्रवार को शार्ट सर्किट से आग लगने की घटना सामने आई है। आग की चपेट में आने से फैक्ट्री में लगे आधा दर्जन ट्रांसफार्मर आग की चपेट में आने से कबाड़ में तब्दील हो गए। आग पर फायर ब्रिगेड की टीम ने डेढ़ से दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। फायर ब्रिगेड के मुताबिक एक ट्रांसफार्मर में चिंगारी उठी, जिसे फैक्ट्री प्रबंधन ने अपने स्तर पर बुझाने का प्रयास किया। आग के फैलने के बाद फैक्ट्री प्रबंधन ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की टीम जब तक मौके पर पहुंची, आग फैल चुकी थी। जहां आग लगी थी, वहां पहुंचने की जगह नहीं होने की वजह से बाउंड्री की दीवार तोड़कर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां अंदर दाखिल हुईं और दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। सुरक्षा के लिहाज से फैक्ट्री में विद्युत आपूर्ति रोक दी गई थी और वहां काम कर रहे कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया गया था।



### यहां भी ट्रांसफार्मर में आग

एक अन्य मामले में कालीबाड़ी स्थित राज्य एड्स कंट्रोल ऑफिस के सामने सगे ट्रांसफार्मर में दोपहर को आग लग गई। सीजीएसीओ ऑफिस में मौजूद सुरक्षा साधन के माध्यम से कर्मचारी और फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। सीजीएसीओ के आफिस में कई महंगे उपकरण रखे हुए हैं। समय पर आग पर काबू पाने से एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

## राशन दुकानों में चावल चाहिए एक लाख 80 हजार क्विंटल पहुंचा सिर्फ 80 हजार क्विंटल

**रायपुर।** जिले में पिछले 10 दिनों से उचित मूल्य की कई दुकानों पर हितग्राहियों को चावल नहीं मिल पा रहा है। इसका कारण दो माह का एक साथ चावल वितरण करने का आदेश है। इस आदेश के तहत नागरिक आपूर्ति निगम राशन दुकानों को चावल की सप्लाई नहीं कर पा रहा है, जिसके कारण हितग्राहियों की परेशानी बढ़ी हुई है। जिले में कुल 697 राशन दुकानें हैं। हर माह इन राशन दुकानों में हितग्राहियों की संख्या के अनुसार 90 हजार क्विंटल चावल की सप्लाई की जाती है। नए आदेश के बाद दुकानों को दो माह यानी एक लाख 80 हजार क्विंटल की सप्लाई की जानी है, लेकिन नागरिक आपूर्ति निगम अब तक करीब 80 हजार क्विंटल चावल की ही सप्लाई कर पाया है। इस तरह एक लाख क्विंटल चावल की सप्लाई बाकी है। हरिभूमि ने चार दिन पहले राशन दुकानों में चावल की सप्लाई प्रभावित होने से हितग्राहियों को हो रही परेशानी की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। जिस दिन खबर प्रकाशित हुई, उस दिन तक जिलेभर में नागरिक आपूर्ति निगम राशन दुकानों को 50 हजार क्विंटल चावल की सप्लाई कर पाया था। इस खबर के बाद चावल सप्लाई में हल्की तेजी आई, जिससे चार दिनों में 20-30 हजार क्विंटल चावल की सप्लाई की गई है। हालांकि अभी भी सिर्फ 80 हजार क्विंटल चावल की ही सप्लाई की गई है, जबकि 1 लाख हजार क्विंटल चावल की सप्लाई अभी और करना बाकी है।

## खबर संक्षेप

### जो राम को लाएं हैं हम उनको लाएंगे : पीलूराम

**रसेला।** भाजपा मंडल छूरा अध्यक्ष पीलूराम यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रभु श्रीराम अयोध्या में विराजमान हो पाए हैं इसलिए जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे।



छत्तीसगढ़ राम का ननिहाल है। 500 साल से रामलला अपने घर में नहीं विराज पाए थे, मंदिर नहीं बना था, कांग्रेस ने साढ़े 500 साल से लटके हुए मसले को 75 सालों में समाप्त नहीं किया, जबकि मोदी जी ने 22 जनवरी को रामलला के मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा कर राम मंदिर का संकल्प पूरा किया। जो वादा मोदी जी ने किया है, वह पत्थर की लकीर है। मोदी की हर गारंटी पूरी होगी। मोदी जी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत बनाएं मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत बनाएं। पीएम मोदी ने देश के अर्थतंत्र को आगे ले जाने का काम किया। हमारा देश दुनिया के अर्थतंत्र की तालिका में 11वें नंबर पर था, आज पांचवें नंबर पर है। मोदी की गारंटी है कि केंद्र में भाजपा की सरकार एक बार फिर से ला दो, हम दुनिया में भारत को तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनाएंगे।

### मोदी की गारंटी को आज पूरा देश मान रहा है : डमरूधर

**छुरा।** बिंद्रा नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी क्षेत्र के एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हैं कहा कि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी विन्द्रा नवागढ़ विधानसभा से 50 हजार मतों से विजयी होंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा विगत तीन महीना में जो किसान, महिला एवं युवाओं सहित विभिन्न वर्गों के लिए जो काम किया है वह निश्चित रूप से एक मील का पत्थर साबित होगा एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गारंटी को आज पूरा देश मान रहा है और आज शत प्रतिशत पूरी भी हो रही है।



### भाजपा ने गिनाई मोदी सरकार की उपलब्धियां

**बसना।** लोकसभा चुनाव को लेकर विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने विधायक जनसंपर्क कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में मोदी सरकार के दस वर्षों के कार्यों एवं उपलब्धियों को गिनाते हुए जनहित में चलाए गए जनकल्याणकारी योजनाओं और अन्य प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से उल्लेख किया विधायक ने आगे कहा कि कल हमारे बसना नगर के सिटी ग्राउंड दशहरा मैदान में हमारे ऊर्जावान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जनसभा को संबोधित करने नगर आगमन हो रहा है। विधानसभा प्रभारी एवं प्रवक्ता अमरजीत सिंह छाबड़ा ने भाजपा के घोषणा पत्र को विस्तार से उल्लेख करते हुए मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर, राम मंदिर, जन धन योजना, महातारी वंदन योजना, उज्वला योजना, जीवायएएन योजना, भारत को शक्तिशाली विश्व के रूप में उभारने, रुस-यूक्रेन युद्ध में तिरंगा और मोदी की ताकत को बताएं, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सुशासन एवं विधायक डॉ संपत अग्रवाल के जनसेवा कार्यों का उल्लेख किया।

## सियासत : भाजपा और कांग्रेस एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप के माध्यम से कर रही प्रचार-प्रसार

# भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर मतदाताओं से लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी श्रीमती रूपकुमारी चौधरी शनिवार को बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोखागुडा, झरगांव, केन्दुबन, दीवानमुडा, कुम्हडईकुला, कम्हडईखूर्द, झिरीपानी, कांण्डेकेला अमलीपदर, उरमाल, गोहरापदर, धौराकोंट सहित कई ग्रामो में पहुंचकर ग्रामीणों एवं मतदाताओं के घर -घर जाकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान ग्रामीणों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी का फूलमाला के साथ जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान कई ग्रामों में सभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी ने 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की उन्होने कहा कि मैं इस क्षेत्र के विकास के लिए लगातार कार्य करूंगी मुझे एक बार सेवा का मौका दे उन्होने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार विकास की ओर बढ रहा है। इस मौके पर प्रमुख





रूप जनपद पंचायत अध्यक्ष नेहा सिंघल, महिला मोर्चा जिला महामंत्री शीतला पांडेय, जनपद सदस्य असलम मेमन, जनपद पंचायत मैनपुर अध्यक्ष नूरमती मांझी, भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरूनारायण तिवारी, देवभोग मंडल अध्यक्ष रूद्रास साहू, झांखरपारा मंडल अध्यक्ष सीताराम यदु, मीना कुमारी वैष्णव, योगनिता मांझी चन्द्रशेखर सोनवानी, शोभाचंद्र पात्र, अहित्या मरकाम सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार की उपलब्धि बताकर मांगा समर्थन


हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुईहा बेलर

लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं की टीम बुथ स्तर पर सक्रिय हो गये हैं। भाजपा छुईहा बुथ कार्यकर्ता मतदाता पर्ची सूची, संकल्प पत्र व नकली मतपत्र, टोपी व बिल्ला के माध्यम से प्रचार प्रसार कर रहे हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता सरपंच छुईहा गजेश्वर सिन्हा ने कहा कि राजिम विधायक रोहित साहू एवं



भाजपा मंडल फिगेंश्वर के मार्गदर्शन में हमने बुथ कमेटी अध्यक्ष मोती राम तारक, रामलाल ध्रुव, नारायण सिन्हा के साथ घर- घर जाकर माताओं, बहनों एवं बुजुर्ग से मिले हैं। आने वाले 26 तारीख को महासमुंद लोकसभा के प्रत्याशी रूप कुमारी दीदी जी को प्रचंड बहुमत के समर्थन के साथ मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए मतदान करने के लिए अपील किया गया है।

## मोदी सरकार ने जनता से किए वायदों में एक भी नहीं किया है पूरा : यादव



हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

जिला पंचायत दुर्ग के अध्यक्ष पुष्पा यादव मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के मैनपुर, अमलीपदर एवं कई ग्रामों में पहुंचकर कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू के पक्ष में मतदान करने की अपील किया साथ ही महिला कांग्रेस एवं यादव समाज के लोगों से मुलाकात किया और बैठक लेकर कांग्रेस के नीति रिती एवं घोषणा-पत्र को आमजनता तक पहुंचाने की अपील किया। मैनपुर में महिला कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जो गांव गरीब एवं सभी वर्गों के विकास और उनके उत्थान के बारे में सोचती है, और उनके हित में कार्य करती है। उन्होने कहा कि केंद्र के नरेन्द्र मोदी सरकार ने जनता से जीतना भी वायदा किया था कोई भी वायदा पूरा नहीं किया। आज भी जनता 15 लाख रूपये का इंतजार कर रही है। श्रीमती यादव ने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को एक लाख सालाना दिया जायेगा और महिलाओं को 01 लाख सालाना मिलने से उनमें आर्थिक समृद्धि आयेगी। साथ ही वे आत्मनिर्भर बन सकेंगे। उन्होने कहा कि बेरोजगारों को रोजगार के साथ ही अनेक वायदा कांग्रेस ने किया है, जिसे पूरा किया जायेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मैनपुर रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, रामकली यादव, ठेठवार यादव समाज प्रदेश अध्यक्ष गुलेन्द्र यादव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपील, सुखराम यादव, दयाराम यादव, श्यामलाल यादव, ललिता यादव, शांतुराम यादव, सुकदेव यादव, पीलाराम यादव, कौशिल्या यादव,सुरेश यादव, सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

## भाजपा युवा मोर्चा ने चौपाल में आम लोगों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुईहा बेलर

भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रवि साहू परसदाकला ने ग्राम चरौदा में चौपाल में लोगों से संवाद कार्यक्रम के तहत बुधवार को चर्चा किया। इससे पहले पथरी, सोनासीली, कोशमखुटा, जामगांव , राजकट्टी में भाजपा युवा मोर्चा एवं क्षेत्र के युवा साथियों के साथ युवा चौपाल के माध्यम से आत्मीय संवाद किया गया। उन्होंने आगे कहा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से



भाजपा को समर्थन करें। युवा चौपाल में भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रवि साहू, कोषाध्यक्ष अजय साहू मीडिया प्रभारी हेमेंद्र साहू, भाजयुमो जिला महामंत्री दीपक साहू, मंडल अध्यक्ष रवि साहू, उपाध्यक्ष पुखराज साहू, रमेश सिन्हा, मिथलेश ध्रुव, बूथ अध्यक्ष छबिराम यादव, रामलाल यादव, महेश साहू, सूरज पटेल, हुपेश साहू, टीकम देवांगन, खुशराज साहू, मन्नू निषाद, कमलेश देवांगन, अभय सिन्हा, हेमनारायण गंधर्व, किर्तन पटेल, भाजयुमो के पदाधिकारी,

## रानीपरतेवा के सरपंच ने थामा भाजपा का दामन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा

रानीपरतेवा में विधानसभा प्रभारी योगी अग्रवाल व किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष व शक्ति केंद्र के चुनाव प्रभारी मनीष हरित के समक्ष ग्राम के सरपंच केशरी नेताम सरपंच प्रतिनिधि हेमलाल नेताम के साथ महिला समुह की कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी ने कहा कि इस क्षेत्र में सरपंच केशरी नेताम के प्रवेश से भाजपा को मजबूत करने में एवं नरेन्द्र मोदी जी की सरकार बनाने में साथियों का सहयोग प्राप्त होगा, मोदी जी के नेतृत्व में देश के सर्वोच्च पद पर आदिवासी समाज की महिला नेतृत्व कर रही है, जिनसे प्रभावित होकर



आज ग्राम की प्रथम महिला ने भाजपा प्रवेश किया है, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज आदिवासी समाज के एक संवाहक का भाजपा के घर में स्वागत हो रहा है। निश्चित रूप से आज मोदी के नेतृत्व में देश का हर वर्ग विकास को चुन रहा है, आज देश के गांव गरीब किसान, महिला, समाज के हर समुदाय की सुरक्षा और विकास



भाजपा के नेता मोदी जी के साथ देख रहे हैं। आज भाजपा कांग्रेस मुक्त बूथ की ओर बढ़ रही है जिससे सरपंच का साथ निश्चित रूप से मिल का पत्थर साबित होगा। ग्राम के सरपंच केशरी हेमलाल नेताम ने कहा है कि आज मोदी जी की गारंटी हर वर्ग को लाभान्वित कर रही है। प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में समाज उत्साहित है, भाजपा वह पार्टी है जो कहती है वो करती है। जिसमें चुमेश्वरी ध्रुव, किरण बघेल, गायत्री ठाकुर, यज्ञवल निषाद, नरेश साहू, परमेश्वर साहु, दुर्गेश विश्वकर्मा, योगेश साहू, श्याम कुमार दीवान, झनेश्वरी साहू, त्रिवेणी साहू, हेमलता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मतदान करने चलाया संकल्प सूत्र अभियान





हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा

लोकसभा निर्वाचन स्वीप एक्टिविटी अंतर्गत नगर पंचायत छुरा के व्यवसायिक क्षेत्रों के चेंबर्स ऑफ़ कामर्स, व्यापारीगण, दुकानों, सदर रोड एवं दैनिक बाजार के क्षेत्रों में मुख्य नगरपालिका अधिकारी लाल सिंग मरकाम के निर्देशन में सभी व्यापारियों एवं दुकानदारों को 26 अप्रैल को मतदान करने हेतु संकल्प सूत्र अभियान चलाया गया। जिसमे संकल्प सूत्र बांध कर स्वयं एवं अपने परिवार तथा अपने आसपास के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने अभियान चलाया गया। इस संकल्प सूत्र अभियान में वीरेंद्र सिंह, नरेश ध्रुव, कृष्णकुमार वैष्णव, धनेश्वर नाग, कमलेश्वर सिन्हा, मनोज दुबे, मिथलेश सिन्हा, रजत ध्रुव एवं व्यापारी नगरीकगण उपस्थित रहे।

## बच्चों को परोसा गया पौष्टिक भोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम / फिंगेश्वर

शासकीय प्राथमिक शाला सरगोड़ में नेवता भोज का कार्यक्रमशासकीय प्राथमिक शाला सरगोड़ संकुल केंद्र जामगांव में प्रधान पाठक मनोहर राम साहू, सहायक शिक्षक गायत्री ध्रुव एवं देवनारायण सेन ने कार्यक्रम का आयोजन किया। यहां फ्राई दाल के साथ चना, करेला सब्जी, केला, जलेबी, खीर, पूड़ी, सलाद, पापड़ आदि भोजन के रूप में परोसा गया। इस अवसर पर सरपंच यादराम



देवदास, हुसेन्द्र सिन्हा, जगत राम साहू, शासकीय प्राथमिक शाला समिति के अध्यक्ष चम्पेश्वरी ध्रुव, नीलम सिन्हा, गीता ध्रुव, धनेश्वरी ध्रुव, सोना ध्रुव, ऊषा ध्रुव, शिव बाई यादव आदि मौजूद थे।

### सागर ने कस्टमरी ला के बारे में भी दी जानकारी

# महिलाओं को दी कानूनी अधिकारों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

लोक आस्था सेवा संस्थान के द्वारा महिला मुखियाओं का कानूनी प्रशिक्षण होटल सिटी रेजेंसी में आयोजित किया गया। जिसमें छुरा व गरियाबंद ब्लॉक के संगवारी महिला मंच के 100 मुखिया शामिल हुये, जिसमें संस्था अध्यक्ष व सचिव के द्वारा महिलाओं को संवैधानिक कानून के अंतर्गत खेती को लेकर जो महिलाओं लगाव है वहां मां और बच्चे के लगाव के समान भुमि से होता है। इस बारे में कानूनी जानकारी प्रदान किया गया। जिससे महिलायों को सुरक्षा, आजीविका प्राप्त होता हो, भुमि से संबंधित कानुन के साथ ही महिलाओं को महिला हिंसा के विरुद्ध कानून आई पी सी -498 के तहत महिला घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, दहेज निषेध क़ानून 1961 व टोनही प्रताड़ना अधिनियम 2005, महिलाओं की पुलिस गिरफ्तारी से संबंधित जानकारी, खाद्य



सुरक्षा अधियम, महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम और विभिन्न योजनाओं से संबंधित कानून के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। जिससे महिलाओं को कानूनी समझ बन सके और समाज में समानता आ सके, समाज प्रमुख उदेराम भुंजिया, राजाराम, सागर के द्वारा कस्टमरी ला के बारे में भी बताया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में समनव्यक निसार, अरुण, महेंद्र,तथा संस्था स्टाफ भरत, अनिल, रूखमणी, उर्वशी, कुंती, तेजश्वनी शामिल रहे।





